

-जानिए क्यों पूरे विश्व में फेमस है ब्रज की होली

# कान्हा की नगरी में ऐसे मनाई जाती है होली

कान्हा की नगरी ब्रज में होली के आयोजनों की तैयारियां जोरो-शोरों से की जा रही हैं। देश-विदेश से लाखों की संख्या में लोग बृज की विश्व प्रसिद्ध होली में हिस्सा लेते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के ब्रज आने की उम्मीद जताई जा रही है। आपको बता दें कि ब्रज की होली पूरे विश्व में फेमस है। इस साल बरसाना की फेमस लड्डू होली 27 फरवरी होगी तो उसके अगले दिन यानि की 28 फरवरी को बरसाना में लट्ठ मार होली खेली जाएगी। वहीं बरसाना की होली के बाद नंदगांव में 1 मार्च को लठमार होली का आयोजन किया जाएगा। भगवान कृष्ण की नगरी में होली की धूम देखते ही बनती है। आइए जानते हैं कि इस साल ब्रज में होली का आयोजन किस प्रकार होगा।

### ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली

होली यूं तो हर जगह धूमधाम से खेली जाती है। लेकिन श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों को मथुरा-वृंदावन की होली खूब भाति है। इस दौरान फूलों वाली होली, लठमार होली, लड्डू होली, गोबर या कीचड़ वाली होली और फूलों वाली होली मनाई जाती है। कीचड़ से होली खेलने की परंपरा ब्रज में सदियों से चली आ रही है। इस दौरान लोग एक-दूसरे पर रंगो की जगह कीचड़ डालकर होली का त्योहार मनाते हैं। रंगों की होली खेलने के बाद अगले दिन यानि की धुलेंडी के दिन ब्रज में कीचड़ वाली होली खेली जाती है।



### ब्रज की होली के आयोजन

27 फरवरी – बरसाना की लड्डू होली
28 फरवरी – बरसाना में लठमार होली
01 मार्च – नंदगांव की लठमार होली
03 मार्च – रंगभरनी एकादशी वृंदावन परिक्रमा
मथुरा श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होली
04 मार्च – गोकुल में छड़ीमार होली
07 मार्च – होलिका दहन, फालैन में जलती होलिका से पंडा निकलने की लीला
09 मार्च – दाऊजी का हुरंगा, चरकुला नृत्य मुखराई
15 मार्च – रंगजी मंदिर में होली उत्सव वृंदावन

### लड्डू होली

द्वापर युग में राधा रानी और उनकी सखियों ने भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेलने के लिए दूत को न्योता देने के लिए नंदगांव भेजा था। जब दूत ने राधारानी के होली खेलने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया तो बरसाना वासी खुश होकर एक-दूसरे पर लड्डू फेंकने लगे। जिसके बाद से लड्डू होली की शुरूआत हो गई। तब से लेकर आजतक इस परंपरा को निभाया जाता है। आज भी जब होली का निमंत्रण देकर पांडा बरसाना के प्रमुख श्री जी के मंदिर पहुंचता है, तो यहां मंदिरों में सभी सेवायत एकजुट होकर श्रद्धालुओं पर लड्डू फेंकते हैं।

### लठमार होली

मान्यता के अनुसार, लठमार होली की शुरूआत लगभग 5000 साल पहले हुई थी। कहते हैं कि एक बार श्री कृष्ण आपने ग्वाले साथियों के साथ बरसाना राधारानी से मिलने पहुंचे थे। तब श्रीकृष्ण और ग्वालों ने राधारानी और उनकी सखियों को चिढ़ाना और परेशान करना शुरू कर दिया। जिसके कारण राधारानी और उनकी सखियों ने कृष्ण और उनके साथ आए ग्वालों को लाठी लेकर दौड़ाया था। तभी से लठमार होली की शुरूआत हुई। इसी परंपरा के अनुसार, आज भी नंदगांव के युवक होली पर बरसाना जाते हैं और बरसाना की महिलाएं और लड़कियां लाठियों ने उन्हें मारने का प्रयास करती हैं।

### फूलों वाली होली

ब्रज में फुलेरा दूज के दिन फूलों वाली होली खेली जाती है। एक बार श्रीकृष्ण अपने काम में इतने व्यस्त हो गए कि वह राधारानी से मिलने नहीं जा पाए। जिस कारण राधारानी उदास हो गईं। राधारानी की उदासी का असर प्रकृति पर भी होने लगा और फूल, पेड़-पौधे आदि सूखने लगे तो श्री कृष्ण को अपनी गलती का एहसास हुआ। इसके बाद वह राधारानी से मिलने बरसाने पहुंच गए। राधारानी कृष्ण को देखकर खुश हो गईं। जिसपर प्रकृति पहले की तरह हरी-भरी हो गई। राधारानी को खुश देखकर श्री कृष्ण ने उनपर फूल फेंके। जिसके बाद राधारानी और गोपियों ने मिलकर श्री कृष्ण के साथ फूलों वाली होली खेली। आज भी वहां फूलों वाली होली खेली जाती हैं।






# मार्च के महीने में देश की इन 5 जगहों पर घूमने जाने का करें प्लान

**मार्च** का माह बड़ा सुहाना रहता है। न ठंड रहती है और न गर्मी। बारिश भी नहीं रहती है और मौसम मन को सुकून देने वाला रहता है। ऐसे में यदि आप मार्ग के माह में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो हमारी बताई 10 जगहों पर जरूर जाएं। इस मौसम में गर्मी के साथ ही ठंड का अहसा भी होता है और मौसम खुशनुमा रहता है।

1. **गोवा:** किसी भी समुद्र के किनारे घूमना मार्च माह में बहुत ही सुहाना और रोमांचक है। इसके लिए आप गोवा, मुंबई, पांडिचेरी, जगन्नाथ, द्वारिका, कोवलम, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, लक्ष्यद्वीप, दमण और दीव, अंडमान और? निकोबार या फिर मांदरमोनी और दीघा में जा सकते हैं। हालांकि आप मुंबई होते हुए गोवा जाएं जो कि सबसे शानदार है। मार्च के दौरान यहां पर आपका वॉटर एक्टिविटी मिलेगी।
2. **शिमला:** भारत के अधिकतर पर्यटक हिमाचल घुमने जाते हैं। हिमाचल में शिमला और मनाली सबसे प्रसिद्ध स्थल है। यहां घाटी और चारों ओर हिमालय पर्वत की चोटियों का सुंदर दृश?य दिखाई देता है। शिमला से मनाली लगभग 275 किलोमीटर दूर है। चारों ओर से पहाड़ों से घिरे मनाली को देखकर रोमांच और रोमांस का अनुभव होता है।
3. **पचमढ़ी:** मध्यप्रदेश में अमरकंटक के पास ही होशंगाबाद जिले में पचमड़ी बहुत ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। ऊंचे ऊंचे पहाड़, झील, झरने, गुफाएं, जंगल सभी कुछ हैं यहां पर। झरनों के लिए आप मध्यप्रदेश के पचमड़ी में जाएं। हालांकि झरनों का शहर रांची को माना जाता है। भारत में भेड़ाघाट धुआधार (मध्यप्रदेश), कुंचिकल जल प्रपात (कर्नाटक), बरिपनी जल प्रपात (ओडिशा), नोहलिकैय जल प्रपात (मेघालय), नॉस्न्जितिंग जल प्रपात (मेघालय), क्यन्रएं जल प्रपात (मेघालय), दूधसागर झरना (गोवा- कर्नाटक), मीनमुतटी झरना (केरल), चित्रकूट झरना (छत्तीसगढ़) आदि कई जगहों पर शारदार झरनें हैं परंतु पचमढ़ी में आपको बहुत सारे झरने देखने को मिलेगें।
4. **लोनावाला:** महाराष्ट्र में मुंबई से करीब 96 किलोमीटर और खंडाला से लगभग 5 कीलोमीटर दूर स्थित है लोनावला (लोणावळा) हिल स्टेशन। पूणे से मात्र 2 घंटे का रास्ता है। इसे झीलों का जिला कहते हैं। मुंबई और पूना वासियों के लिए यह उनका फेवरिट डेस्टिनेशन है। इस हिल स्टेशन क्षेत्र में लोनावला झील, तिगौती झील, मानसून झील और वाल्वन झील प्रमुख हैं, जिन्हें देखना बहुत ही अद्भुत है। खासकर वाल्वन झील पर बना वाल्वन बांध एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट है। लोनावला को सह्याद्रि पर्वत मालाओं की मणि और मुंबई-पुणे का प्रवेश द्वार भी कहते हैं।
5. **मसूरी:** मसूरी हिल स्टेशन उत्तराखंड राज्य का पर्वतीय नगर है। यह देहरादून से 35 किलोमीटर और दिल्ली-एनसीआर से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। इसे पहाड़ों की रानी कहा जाता है जो गंगोत्री का प्रवेश द्वार भी है। मसूरी के एक ओर से गंगा नजर आती है तो दूसरी ओर से यमुना नदी। यहां पर दुर्लभ वनस्पतियां और जीव जंतु पाए जाते हैं। यहां के ऊंचे ऊंचे पहाड़ और हरी भरी छटा देखते ही बनती है। पतली घुमावदार सड़कें, हरे-भरे पेड़, दूर तक नजर आती ऊंची-नीची पहाड़ियां, एक ओर दूर नजर आते बर्फ से ढंके सफेद पहाड़, दूसरी ओर पहाड़ों की गोद में बने छोटे-छोटे घर यानी देहरादून शहर। यहां आकर कोई भी रोमांचित हो सकता है। हनीमून मनाने के लिए यह आदर्श स्थान है।

**राष्ट्रीय उद्यान:** यदि आप जंगल घूमने का शौक रखते हैं तो भारत में कई भयानक जंगल है। राजस्थान में रणथम्भौर और सारिस्का के जंगल, गुजरात में गिरनार, बंगाल में सुंदरबन, असम में कांजीरंगा आदि सैंकड़ों जंगल है लेकिन हम आपको सलाह देंगे मध्यप्रदेश के कान्हा किससी वन में जाने के लिए। एशिया के सबसे सुरम्य और खूबसूरत वन्यजीव रिजर्वों में से एक है कान्हा राष्ट्रीय उद्यान। यहां काला हिरण, बारहसिंगा, सांभर और चीतलों को एकसाथ देखा जा सकता है। इसके अलावा यहां बाघ, तेंदुआ, चीतल, नीलगाय, जंगली सूअर, गौर, भैंसे, सियार आदि हजारों पशु और पक्षियों का झुंड है। मंडला और जबलपुर शहर से सड़क मार्ग द्वारा 'कान्हा राष्ट्रीय उद्यान' तक पहुंचा जा सकता है।





# जयपुर हवा महल: बिना नींव के खड़ी है ये पांच मंजिला इमारत

**भारतीय** राज्य राजस्थान पनी रंग-बिरंगी संस्कृति और इतिहास के लिए फेमस है। यहां के कई किले और महल आकर्षण का केंद्र है। यहां पर घूमने आने वाले पर्यटक इन महलों की खूबसूरती को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित हवा महल सबसे अलग और खास है। आपको बता दें कि गुलाबी और बलुआ रंग के पत्थरों से बने इस महल की अलग ही शान है। इसी महल के कारण जयपुर को पिंक सिटी कहा जाता है। हवा महल का निर्माण राजस्थानी और मुगल शैली में किया गया है। हालांकि हवा महल से जुड़ी सभी बातों को लोग जानते हैं। लेकिन आज हम आपको हवा महल के कई ऐसे फैक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको शायद ही पता हों। आइए जानते हैं हवा महल से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें...

### बिना नींव के बना है ये महल

जयपुर का हवा महल सिटी पैलेस का हिस्सा था। इसलिए इसका कोई बाहर से एंट्रेंस गेट नहीं बनाया गया था। सिटी पैलेस की ओर से एक शाही दरवाजा हवा महल के प्रवेश द्वार की ओर जाता है। वहीं से आपको एंट्री लेनी होती है। साथ ही यह भी कहा जाता है कि यह महल बगैर नींव के बना है। जिसके कारण यह वजन से घुमावदार और 87 डिग्री के कोण पर झुका हुआ है।

### पैलेस ऑफ विंड्स

हवा महल को पैलेस ऑफ विंड्स के नाम से भी जाना जाता है। इस महल में बनीं 953 खिड़कियां इसे दूसरे महलों से अलग बनाती हैं। इन खिड़कियों को इसलिए बनाया गया था। ताकि हवा महल के अंदर आ सके और यहां गर्मी का एहसास भी न हो।

### महिलाओं के लिए बनाया गया

आपको बता दें कि हवा महल को खासतौर पर राजपूत सदस्यों और खासकर महिलाओं के लिए बनवाया गया था। उस दौरान महिलाए खुलेआम किसी भी आयोजन में नहीं शामिल होती थीं। इसलिए इस महल की खिड़कियों पर खड़े होकर वह नीचे आयोजित हो रहे कार्यक्रम को देखती थीं।

### महल में नहीं बनीं हैं सीढ़ियां

भले ही यह महल पांच बना है, लेकिन इस महल में आपको सीढ़ियां नहीं मिलेंगी। हर मंजिल पर आपको रैंप करके जाना होगा। बता दें कि हवा महल को रहने के उद्देश्य से नहीं बनाया गया था। कुछ विशेष मौकों पर राजसी महिलाएं अपनी दासियों के साथ सिटी पैलेस से यहां आया करती थीं।

### महल में बने हैं 3 मंदिर

अधिकतर लोग शायद इस बात से अंजान होंगे कि इस भव्य महल के अंदर तीन मंदिर बने हुए हैं। जिन्हें गोवर्धन मंदिर, प्रकाश मंदिर और हवा मंदिर के नाम से जाना जाता है। हालांकि पहले लोग गोवर्धन कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन करते थे। लेकिन उब उन्हें बंद कर दिया गया है।

### मंदिर के नाम पर रखा महल का नाम

आपको जानकार हैरानी होगी कि हवा मंदिर नाम के एक मंदिर के नाम पर इस महल का नाम रखा गया था। आज भी यह मंदिर हवा महल के अंदर है। इसलिए इस महल का नाम हवा महल रखा गया। बता दें कि हवा महल खूबसूरत वास्तुकला का नमूना है।

# नॉर्थ इंडिया की इन खूबसूरत जगहों को न करें स्किप

**उत्तर** भारत में घूमने के लिए आपको कई बेहतरीन जगह मिल जाएंगी। उत्तर भारत में कश्मीर की खूबसूरती से लेकर राजस्थान की शाही भव्यता, आगरा के ताजमहल से लेकर सबसे पवित्र नदी गंगा, विशाल प्रकृति, संस्कृति और शांति से भरे अनुभवों की उत्तर भारत अपने आप में समेटे है। इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत आपका मन मंत्रमुग्ध कर देगी। बता दें कि उत्तर भारत यानि की नॉर्थ इंडिया में जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। अगर आप भी नॉर्थ इंडिया घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आप इन जगहों की खूबसूरती को देख सकते हैं। जहां आपको प्रकृति यानि की नेचर के साथ एक सुकून की भी अनुभूति होगी।

**दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली है। इस शहर में आप नुक्कड़ से लेकर आउटलेट और रेस्तरां में खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा दिल्ली में मनोरम स्मारकों से लेकर वास्तुकला, अद्भुत किलों, सरकारी भवनों, हरे-भरे बगीचों, विभिन्न संग्रहालयों और मंदिरों की भरमार है। अगर आप भी दिल्ली घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यहां का लाल किला, जामा मस्जिद, इंडिया गेट, हुमायूं का मकबरा, राजघाट, चांदनी चौक, अक्षरधाम मंदिर और राष्ट्रपति भवन देख सकते हैं।

**राजस्थान:** भारत का सबसे मशहूर पर्यटन स्थल राजस्थान अपनी संस्कृति और विरासत के लिए जाना जाता है। बता दें कि हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक यहां घूमने के लिए आते हैं। इस राज्य में आप आमेर किला, सिटी पैलेस, पिछोला झील, जल महल, उम्मेद भवन पैलेस, हवा महल, जंतर मंतर, जयगढ़ किला, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय आदि घूम सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर ऊंट और हाथी की सवारी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। राजस्थान अपनी परंपरा, वास्तुकला और भोजन आदि में रॉयल्टी दर्शाता है।

**जम्मू और कश्मीर:** जम्मू और कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह भारत के सबसे उत्तरी भाग में है। जम्मू-कश्मीर में आप यहां की प्राकृतिक सुंदरता को काफी करीब से देख सकते हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर खूबसूरत पर्यटक स्थल है। यहां पर आप कारगिल, सोनमर्ग, पुलवामा, श्रीनगर, गुलमर्ग, उधमपुर, कुपवाड़ा, पहलगाम, डोडा, पुंछ, अनंतनाग, बारामूला आदि घूम सकते हैं।

**हिमाचल प्रदेश:** घूमने का शौक रखने वालों के लिए हिमाचल प्रदेश भी एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप प्राकृतिक सुंदरता के अलावा नेचर के बीच शांतिपूर्ण पल बिता सकते हैं। यहां की मनमोहक घाटियां आपका मन मंत्रमुग्ध कर देंगी। यहां पर आप कसौली, कुल्लू, मनाली, मसूरी, शिमला, चंबा, कांगड़ा, डलहौजी, ऊना, सोलन आदि घूम सकते हैं। इसके अलावा रोहतांग पास, सोलंग घाटी, कांगड़ा घाटी और जाखू का भी आप लुत्फ उठा सकते हैं।

**उत्तराखंड:** अगर आप नॉर्थ इंडिया में तीर्थ स्थलों के घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो उत्तराखंड आपके लिए बेस्ट ऑप्शन बता है। उत्तराखंड भारत के पवित्र राज्यों में से एक है। यहां पर हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड अपनी अलग छटा बिखेरता है। यहां पर आप ऋषिकेश, हरिद्वार, नैनीताल और देहरादून घूम सकते हैं। इसके अलावा यहां पर हर की पौड़ी, चंडी देवी मंदिर, फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, नैनीताल झील, बद्रीनाथ मंदिर, केदारनाथ मंदिर, लक्ष्मण झूला देख सकते हैं।

**उत्तर प्रदेश:** आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश एक उत्तर भारतीय राज्य है। यह राज्य अपनी मुगल वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सालों तक मुगल शासकों ने राज्य किया है। इसीलिए, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को नवाबों की नगरी भी कहा जाता है। राजधानी लखनऊ अपने मुगल वास्तुकला, नवाबी अंदाज और अदब के लिए फेमस है। इसके अलावा यहां पर आप अन्य फेमस शहरों जैसे वाराणसी, कानपुर, झांसी, अलीगढ़, गाजियाबाद में भी घूम सकते हैं।





-जानिए क्यों पूरे विश्व में फेमस है ब्रज की होली

# कान्हा की नगरी में ऐसे मनाई जाती है होली

कान्हा की नगरी ब्रज में होली के आयोजनों की तैयारियां जोरो-शोरों से की जा रही हैं। देश-विदेश से लाखों की संख्या में लोग बृज की विश्व प्रसिद्ध होली में हिस्सा लेते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के ब्रज आने की उम्मीद जताई जा रही है। आपको बता दें कि ब्रज की होली पूरे विश्व में फेमस है। इस साल बरसाना की फेमस लड्डू होली 27 फरवरी होगी तो उसके अगले दिन यानि की 28 फरवरी को बरसाना में लट्ठ मार होली खेली जाएगी। वहीं बरसाना की होली के बाद नंदगांव में 1 मार्च को लठमार होली का आयोजन किया जाएगा। भगवान कृष्ण की नगरी में होली की धूम देखते ही बनती है। आइए जानते हैं कि इस साल ब्रज में होली का आयोजन किस प्रकार होगा।

## ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली

होली यूं तो हर जगह धूमधाम से खेली जाती है। लेकिन श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों को मथुरा-वृंदावन की होली खूब भाति है। इस दौरान फूलों वाली होली, लठमार होली, लड्डू होली, गोबर या कीचड़ वाली होली और फूलों वाली होली मनाई जाती है। कीचड़ से होली खेलने की परंपरा ब्रज में सदियों से चली आ रही है। इस दौरान लोग एक-दूसरे पर रंगो की जगह कीचड़ डालकर होली का त्योहार मनाते हैं। रंगों की होली खेलने के बाद अगले दिन यानि की धुलेंडी के दिन ब्रज में कीचड़ वाली होली खेली जाती है।



## ब्रज की होली के आयोजन

27 फरवरी - बरसाना की लड्डू होली
28 फरवरी - बरसाना में लठमार होली
01 मार्च - नंदगांव की लठमार होली
03 मार्च - रंगभरनी एकादशी वृंदावन परिक्रमा
मथुरा श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होली
04 मार्च - गोकुल में छड़ीमार होली
07 मार्च - होलिका दहन, फालैन में जलती होलिका से पंडा निकलने की लीला
09 मार्च - दाऊजी का हुरंगा, चरकुला नृत्य मुखराई
15 मार्च - रंगजी मंदिर में होली उत्सव वृंदावन

## लड्डू होली

द्वापर युग में राधा रानी और उनकी सखियों ने भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेलने के लिए दूत को न्योता देने के लिए नंदगांव भेजा था। जब दूत ने राधारानी के होली खेलने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया तो बरसाना वासी खुश होकर एक-दूसरे पर लड्डू फेंकने लगे। जिसके बाद से लड्डू होली की शुरूआत हो गई। तब से लेकर आजतक इस परंपरा को निभाया जाता है। आज भी जब होली का निमंत्रण देकर पांडा बरसाना के प्रमुख श्री जी के मंदिर पहुंचता है, तो यहां मंदिरों में सभी सेवायत एकजुट होकर श्रद्धालुओं पर लड्डू फेंकते हैं।


## लठमार होली

मान्यता के अनुसार, लठमार होली की शुरूआत लगभग 5000 साल पहले हुई थी। कहते हैं कि एक बार श्री कृष्ण आपने ग्वाले साथियों के साथ बरसाना राधारानी से मिलने पहुंचे थे। तब श्रीकृष्ण और ग्वालों ने राधारानी और उनकी सखियों को चिढ़ाना और परेशान करना शुरू कर दिया। जिसके कारण राधारानी और उनकी सखियों ने कृष्ण और उनके साथ आए ग्वालों को लाठी लेकर दौड़ाया था। तभी से लठमार होली की शुरूआत हुई। इसी परंपरा के अनुसार, आज भी नंदगांव के युवक होली पर बरसाना जाते हैं और बरसाना की महिलाएं और लड़कियां लाठियों ने उन्हें मारने का प्रयास करती हैं।

## फूलों वाली होली

ब्रज में फुलेरा दूज के दिन फूलों वाली होली खेली जाती है। एक बार श्रीकृष्ण अपने काम में इतने व्यस्त हो गए कि वह राधारानी से मिलने नहीं जा पाए। जिस कारण राधारानी उदास हो गईं। राधारानी की उदासी का असर प्रकृति पर भी होने लगा और फूल, पेड़-पौधे आदि सूखने लगे तो श्री कृष्ण को अपनी गलती का एहसास हुआ। इसके बाद वह राधारानी से मिलने बरसाने पहुंच गए। राधारानी कृष्ण को देखकर खुश हो गईं। जिसपर प्रकृति पहले की तरह हरी-भरी हो गई। राधारानी को खुश देखकर श्री कृष्ण ने उनपर फूल फेंके। जिसके बाद राधारानी और गोपियों ने मिलकर श्री कृष्ण के साथ फूलों वाली होली खेली। आज भी वहां फूलों वाली होली खेली जाती हैं।







# मार्च के महीने में देश की इन 5 जगहों पर घूमने जाने का करें प्लान

मार्च का माह बड़ा सुहाना रहता है। न ठंड रहती है और न गर्मी। बारिश भी नहीं रहती है और मौसम मन को सुकून देने वाला रहता है। ऐसे में यदि आप मार्ग के माह में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो हमारी बताई 10 जगहों पर जरूर जाएं। इस मौसम में गर्मी के साथ ही ठंड का अहसा भी होता है और मौसम खुशनुमा रहता है।

1. **गोवा:** किसी भी समुद्र के किनारे घूमना मार्च माह में बहुत ही सुहाना और रोमांचक है। इसके लिए आप गोवा, मुंबई, पांडिचेरी, जगन्नाथ, द्वारिका, कोवलम, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, लक्ष्यद्वीप, दमण और दीव, अंडमान और? निकोबार या फिर मांदरमोनी और दीघा में जा सकते हैं। हालांकि आप मुंबई होते हुए गोवा जाएं जो कि सबसे शानदार है। मार्च के दौरान यहां पर आपका वॉटर एक्टिविटी मिलेगी।
2. **शिमला:** भारत के अधिकतर पर्यटक हिमाचल घुमने जाते हैं। हिमाचल में शिमला और मनाली सबसे प्रसिद्ध स्थल है। यहां घाटी और चारों ओर हिमालय पर्वत की चोटियों का सुंदर दृश?य दिखाई देता है। शिमला से मनाली लगभग 275 किलोमीटर दूर है। चारों ओर से पहाड़ों से घिरे मनाली को देखकर रोमांच और रोमांस का अनुभव होता है।
3. **पचमढ़ी:** मध्यप्रदेश में अमरकंटक के पास ही होशंगाबाद जिले में पचमड़ी बहुत ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। ऊंचे ऊंचे पहाड़, झील, झरने, गुफाएं, जंगल सभी कुछ हैं यहां पर। झरनों के लिए आप मध्यप्रदेश के पचमड़ी में जाएं। हालांकि झरनों का शहर रांची को माना जाता है। भारत में भेड़ाघाट धुआधार (मध्यप्रदेश), कुंचिकल जल प्रपात (कर्नाटक), बरिपनी जल प्रपात (ओडिशा), नोहलिकैय जल प्रपात (मेघालय), नॉस्न्जितिंग जल प्रपात (मेघालय), क्यन्रएं जल प्रपात (मेघालय), दूधसागर झरना (गोवा- कर्नाटक), मीनमुतटी झरना (केरल), चित्रकूट झरना (छत्तीसगढ़) आदि कई जगहों पर शारदार झरनें हैं परंतु पचमढ़ी में आपको बहुत सारे झरने देखने को मिलेगें।
4. **लोनावाला:** महाराष्ट्र में मुंबई से करीब 96 किलोमीटर और खंडाला से लगभग 5 कीलोमीटर दूर स्थित है लोनावला (लोणावळा) हिल स्टेशन। पूणे से मात्र 2 घंटे का रास्ता है। इसे झीलों का जिला कहते हैं। मुंबई और पूना वासियों के लिए यह उनका फेवरिट डेस्टिनेशन है। इस हिल स्टेशन क्षेत्र में लोनावला झील, तिगौती झील, मानसून झील और वाल्वन झील प्रमुख हैं, जिन्हें देखना बहुत ही अद्भुत है। खासकर वाल्वन झील पर बना वाल्वन बांध एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट है। लोनावला को सह्याद्रि पर्वत मालाओं की मणि और मुंबई-पुणे का प्रवेश द्वार भी कहते हैं।
5. **मसूरी:** मसूरी हिल स्टेशन उत्तराखंड राज्य का पर्वतीय नगर है। यह देहरादून से 35 किलोमीटर और दिल्ली-एनसीआर से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। इसे पहाड़ों की रानी कहा जाता है जो गंगोत्री का प्रवेश द्वार भी है। मसूरी के एक ओर से गंगा नजर आती है तो दूसरी ओर से यमुना नदी। यहां पर दुर्लभ वनस्पतियां और जीव जंतु पाए जाते हैं। यहां के ऊंचे ऊंचे पहाड़ और हरी भरी छटा देखते ही बनती है। पतली घुमावदार सड़कें, हरे-भरे पेड़, दूर तक नजर आती ऊंची-नीची पहाड़ियां, एक ओर दूर नजर आते बर्फ से ढंके सफेद पहाड़, दूसरी ओर पहाड़ों की गोद में बने छोटे-छोटे घर यानी देहरादून शहर। यहां आकर कोई भी रोमांचित हो सकता है। हनीमून मनाने के लिए यह आदर्श स्थान है।

**राष्ट्रीय उद्यान:** यदि आप जंगल घूमने का शौक रखते हैं तो भारत में कई भयानक जंगल है। राजस्थान में रणथम्भौर और सारिस्का के जंगल, गुजरात में गिरनार, बंगाल में सुंदरबन, असम में कांजीरंगा आदि सैंकड़ों जंगल है लेकिन हम आपको सलाह देंगे मध्यप्रदेश के कान्हा किससी वन में जाने के लिए। एशिया के सबसे सुरम्य और खूबसूरत वन्यजीव रिजर्वों में से एक है कान्हा राष्ट्रीय उद्यान। यहां काला हिरण, बारहसिंगा, सांभर और चीतलों को एकसाथ देखा जा सकता है। इसके अलावा यहां बाघ, तेंदुआ, चीतल, नीलगाय, जंगली सूअर, गौर, भैंसे, सियार आदि हजारों पशु और पक्षियों का झुंड है। मंडला और जबलपुर शहर से सड़क मार्ग द्वारा 'कान्हा राष्ट्रीय उद्यान' तक पहुंचा जा सकता है।





# जयपुर हवा महल: बिना नींव के खड़ी है ये पांच मंजिला इमारत

**भारतीय** राज्य राजस्थान पनी रंग-बिरंगी संस्कृति और इतिहास के लिए फेमस है। यहां के कई किले और महल आकर्षण का केंद्र है। यहां पर घूमने आने वाले पर्यटक इन महलों की खूबसूरती को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित हवा महल सबसे अलग और खास है। आपको बता दें कि गुलाबी और बलुआ रंग के पत्थरों से बने इस महल की अलग ही शान है। इसी महल के कारण जयपुर को पिंक सिटी कहा जाता है। हवा महल का निर्माण राजस्थानी और मुगल शैली में किया गया है। हालांकि हवा महल से जुड़ी सभी बातों को लोग जानते हैं। लेकिन आज हम आपको हवा महल के कई ऐसे फैक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको शायद ही पता हों। आइए जानते हैं हवा महल से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें...

## बिना नींव के बना है ये महल

जयपुर का हवा महल सिटी पैलेस का हिस्सा था। इसलिए इसका कोई बाहर से एंट्रेंस गेट नहीं बनाया गया था। सिटी पैलेस की ओर से एक शाही दरवाजा हवा महल के प्रवेश द्वार की ओर जाता है। वहीं से आपको एंट्री लेनी होती है। साथ ही यह भी कहा जाता है कि यह महल बगैर नींव के बना है। जिसके कारण यह वजन से घुमावदार और 87 डिग्री के कोण पर झुका हुआ है।

## पैलेस ऑफ विंड्स

हवा महल को पैलेस ऑफ विंड्स के नाम से भी जाना जाता है। इस महल में बनीं 953 खिड़कियां इसे दूसरे महलों से अलग बनाती हैं। इन खिड़कियों को इसलिए बनाया गया था। ताकि हवा महल के अंदर आ सके और यहां गर्मी का एहसास भी न हो।

## महिलाओं के लिए बनाया गया

आपको बता दें कि हवा महल को खासतौर पर राजपूत सदस्यों और खासकर महिलाओं के लिए बनवाया गया था। उस दौरान महिलाए खुलेआम किसी भी आयोजन में नहीं शामिल होती थीं। इसलिए इस महल की खिड़कियों पर खड़े होकर वह नीचे आयोजित हो रहे कार्यक्रम को देखती थीं।

## महल में नहीं बनीं हैं सीढ़ियां

भले ही यह महल पांच बना है, लेकिन इस महल में आपको सीढ़ियां नहीं मिलेंगी। हर मंजिल पर आपको रैंप करके जाना होगा। बता दें कि हवा महल को रहने के उद्देश्य से नहीं बनाया गया था। कुछ विशेष मौकों पर राजसी महिलाएं अपनी दासियों के साथ सिटी पैलेस से यहां आया करती थीं।

## महल में बने हैं 3 मंदिर

अधिकतर लोग शायद इस बात से अंजान होंगे कि इस भव्य महल के अंदर तीन मंदिर बने हुए हैं। जिन्हें गोवर्धन मंदिर, प्रकाश मंदिर और हवा मंदिर के नाम से जाना जाता है। हालांकि पहले लोग गोवर्धन कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन करते थे। लेकिन उब उन्हें बंद कर दिया गया है।

## मंदिर के नाम पर रखा महल का नाम

आपको जानकार हैरानी होगी कि हवा मंदिर नाम के एक मंदिर के नाम पर इस महल का नाम रखा गया था। आज भी यह मंदिर हवा महल के अंदर है। इसलिए इस महल का नाम हवा महल रखा गया। बता दें कि हवा महल खूबसूरत वास्तुकला का नमूना है।

# नॉर्थ इंडिया की इन खूबसूरत जगहों को न करें स्किप

**उत्तर** भारत में घूमने के लिए आपको कई बेहतरीन जगह मिल जाएंगी। उत्तर भारत में कश्मीर की खूबसूरती से लेकर राजस्थान की शाही भव्यता, आगरा के ताजमहल से लेकर सबसे पवित्र नदी गंगा, विशाल प्रकृति, संस्कृति और शांति से भरे अनुभवों की उत्तर भारत अपने आप में समेटे है। इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत आपका मन मंत्रमुग्ध कर देगी। बता दें कि उत्तर भारत यानि की नॉर्थ इंडिया में जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। अगर आप भी नॉर्थ इंडिया घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आप इन जगहों की खूबसूरती को देख सकते हैं। जहां आपको प्रकृति यानि की नेचर के साथ एक सुकून की भी अनुभूति होगी।

**दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली है। इस शहर में आप नुक्कड़ से लेकर आउटलेट और रेस्तरां में खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा दिल्ली में मनोरम स्मारकों से लेकर वास्तुकला, अद्भुत किलों, सरकारी भवनों, हरे-भरे बगीचों, विभिन्न संग्रहालयों और मंदिरों की भरमार है। अगर आप भी दिल्ली घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यहां का लाल किला, जामा मस्जिद, इंडिया गेट, हुमायूं का मकबरा, राजघाट, चांदनी चौक, अक्षरधाम मंदिर और राष्ट्रपति भवन देख सकते हैं।

**राजस्थान:** भारत का सबसे मशहूर पर्यटन स्थल राजस्थान अपनी संस्कृति और विरासत के लिए जाना जाता है। बता दें कि हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक यहां घूमने के लिए आते हैं। इस राज्य में आप आमेर किला, सिटी पैलेस, पिछोला झील, जल महल, उम्मेद भवन पैलेस, हवा महल, जंतर मंतर, जयगढ़ किला, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय आदि घूम सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर ऊंट और हाथी की सवारी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। राजस्थान अपनी परंपरा, वास्तुकला और भोजन आदि में रॉयल्टी दर्शाता है।

**जम्मू और कश्मीर:** जम्मू और कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह भारत के सबसे उत्तरी भाग में है। जम्मू-कश्मीर में आप यहां की प्राकृतिक सुंदरता को काफी करीब से देख सकते हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर खूबसूरत पर्यटक स्थल है। यहां पर आप कारगिल, सोनमर्ग, पुलवामा, श्रीनगर, गुलमर्ग, उधमपुर, कुपवाड़ा, पहलगाम, डोडा, पुंछ, अनंतनाग, बारामूला आदि घूम सकते हैं।

**हिमाचल प्रदेश:** घूमने का शौक रखने वालों के लिए हिमाचल प्रदेश भी एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप प्राकृतिक सुंदरता के अलावा नेचर के बीच शांतिपूर्ण पल बिता सकते हैं। यहां की मनमोहक घाटियां आपका मन मंत्रमुग्ध कर देंगी। यहां पर आप कसौली, कुल्लू, मनाली, मसूरी, शिमला, चंबा, कांगड़ा, डलहौजी, ऊना, सोलन आदि घूम सकते हैं। इसके अलावा रोहतांग पास, सोलंग घाटी, कांगड़ा घाटी और जाखू का भी आप लुत्फ उठा सकते हैं।

**उत्तराखंड:** अगर आप नॉर्थ इंडिया में तीर्थ स्थलों के घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो उत्तराखंड आपके लिए बेस्ट ऑप्शन बता है। उत्तराखंड भारत के पवित्र राज्यों में से एक है। यहां पर हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड अपनी अलग छटा बिखेरता है। यहां पर आप ऋषिकेश, हरिद्वार, नैनीताल और देहरादून घूम सकते हैं। इसके अलावा यहां पर हर की पौड़ी, चंडी देवी मंदिर, फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, नैनीताल झील, बद्रीनाथ मंदिर, केदारनाथ मंदिर, लक्ष्मण झूला देख सकते हैं।

**उत्तर प्रदेश:** आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश एक उत्तर भारतीय राज्य है। यह राज्य अपनी मुगल वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सालों तक मुगल शासकों ने राज्य किया है। इसीलिए, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को नवाबों की नगरी भी कहा जाता है। राजधानी लखनऊ अपने मुगल वास्तुकला, नवाबी अंदाज और अदब के लिए फेमस है। इसके अलावा यहां पर आप अन्य फेमस शहरों जैसे वाराणसी, कानपुर, झांसी, अलीगढ़, गाजियाबाद में भी घूम सकते हैं।



क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## क्राइम ब्रांच ने राज्यव्यापी हथियार बेचने के नेटवर्क का किया पर्दाफाश,4 आरोपी गिरफ्तार

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

क्राइम ब्रांच ने हथियार बेचने के राज्यव्यापी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए जिले साणंद के निकट से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 12 हथियारों के साथ कारतूस भी बरामद किए हैं। दरअसल क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि साणंद के निकट हनीफ उर्फ साबिर नामक शख्स ने असमल सोलंकी, मोहमद उर्फ जाम और आसिफखान उर्फ रेबर मलेक को हथियार लेने के लिए बुलाया है। राज्यव्यापी हथियार बेचने के नेटवर्क का हनीफ उर्फ साबिर मास्टर माइंड है। पूर्व सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने साणंद के निकट से हनीफ उर्फ साबिर, असमल सोलंकी, मोहमद उर्फ जाम और आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 हथियार, जिसमें बंदूक, तमंचा, रिवॉल्वर और कारतूस शामिल है। जांच में पता चला कि आरोपी नेटवर्क के मुख्य सूत्रधार हनीफ ने उत्तरी गुजरात के पाटण जिले के संखेश्वर निवासी मौलिकसिंह उर्फ मुनाबापु वाढेर से सभी हथियार खरीदे थे। जिसमें एक बंदूक पाटण के कालुभा राठौड़ को बेची थी। कुछ समय रखने के बाद कालुभा ने बंदूक वापस लौटाकर पिस्तौल मंगवाई थी। हथियारों की बिक्री के लिए आरोपी 'मुहब्बत से दे रहा हूं'




नामक कोडवर्ड का उपयोग करता था। क्राइम ब्रांच के हाथों गिरफ्तार हनीफ उर्फ साबिर का आपराधिक इतिहास रहा है। हनीफ खेडब्रह्मा में लूट और हत्या, हिम्मतनगर, पाटण और अहमदाबाद में हथियार के मामलों में वांटेड था। इसके अलावा शराब, जुआ और हथियार के मामलों में भी हनीफ पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपी मोहमद उर्फ जाम सुरेन्द्रनगर में आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गयाथा। आसिफ नामक आरोपी मारपीट के दो मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि 3 साल पहले खेडब्रह्मा में आंगडिया लूट और हत्या के बाद हनीफ राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु और कर्नाटक में छिपता फिर रहा था।

उसी दौरान हनीफ ने हथियारों की बिक्री का राज्यव्यापी नेटवर्क शुरूकिया था।

मध्य प्रदेश से हथियार लाकर हनीफ गुजरात में बेचता था। इस नेटवर्क में मौलिकसिंह उर्फ मुनाबापु वाढेर और कालुभा राठौड़ अभी वांटेड हैं। आरोपी मौलिकसिंह भी सोमनाथ में हुई आंगडिया लूट केस में वांटेड है।

## गुजरात को मिले स्थायी पुलिस महानिदेशक,इंचार्ज डीजीपी विकास सहाय की नियुक्ति

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात के इंचार्ज डीजीपी विकास सहाय की स्थायी पुलिस महानिदेशक पद पर नियुक्त गया किया है। आशीष भाटिया की निवृत्ति के बाद विकास सहाय को राज्य के इंचार्ज डीजीपी नियुक्त किया गया था। लेकिन अब विकास सहाय को राज्य का स्थायी पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। विकास सहाय 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी से तालीम ली है। विकास सहाय यूएन पीस कीपिंग मिशन की सभी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं। वे 1998-99 के दौरान बोस्निया-हर्जेगोविना में रह चुके हैं। इस मिशन के बाद विकास सहाय 1999 में आणंद के पुलिस अधीक्षक और अहमदाबाद ग्रामीण के एसपी रहे। जिसके बाद वर्ष 2002 में अहमदाबाद शहर के डीसीपी जोन 2 और 3 रहे। वर्ष 2004 में अहमदाबाद शहर के डीसीपी ट्रैफिक, एडिशनल सीपी ट्रैफिक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दे चुके हैं। विकास सहाय की रक्षाशक्ति यूनिवर्सिटी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। विकास सहाय ने मेरीटोरियस सर्विस के लिए प्रेसिडेन्ट पुलिस मेडल और विशिष्ट सेवा के लिए प्रतिष्ठित प्रेसिडेन्ट पुलिस



मेडल प्राप्त किया है। बता दें कि राज्य सरकार ने गुजरात के नए पुलिस महानिदेशक के तौर पर 6 आईपीएस अधिकारियों के नाम भेजे थे। जिसमें अतुल करवाल के गुजरात का डीजीपी बनने की प्रबल संभावना थी। इस पैनल में विकास सहाय के अलावा अतुल करवाल, अनिल प्रथम, अजय तोमर, शमशेरसिंह, विवेक श्रीवास्तव के नाम शामिल थे। आखिरकार विकास सहाय के नाम पर मुहर लगी। विकास सहाय आज शाम तक स्थायी पुलिस महानिदेशक के तौर पर चार्ज ले सकते हैं।

## पांच महीनों से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,सूरत एसओजी पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जिले के हलधरू गांव में रेड कर एक फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया डॉक्टर पिछले 5 महीने से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा था। पुलिस ने क्लीनिक से एलोपेथी दवाईयां समेत अन्य साधन सामग्री भी जब्त कर ली। दरअसल सूरत एसओजी पुलिस को सूचना मिली थी कि कामरेज तहसील के हलधरु गांव की सीमा स्थित वीके रेसिडेन्सी की दुकान नंबर 2 में मां काली नामक क्लीनिक चल रहा है। क्लीनिक चलाने वाले 23 वर्षीय दिलीप नारायण विश्वास के पास डॉक्टर की कोई डिग्री नहीं है और क्लीनिक चलाने का कोई लाइसंस है। बगैर किसी डिग्री और लाइसंस के क्लीनिक चला रहा दिलीप विश्वास पिछले पांच महीनों से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहा है। दिलीप विश्वास लोगों को ना सिर्फ एलोपेथी दवाईयां देता है बल्कि इंजेक्शन भी लगाता है। सूचना के आधार पर सूरत जिला एसओजी पुलिस ने वलण पीएचसी की टीम के साथ दिलीप विश्वास के क्लीनिक पर रेड की। पुलिस ने क्लीनिक से दिलीप विश्वास को गिरफ्तार कर लिया। क्लीनिक की जांच में पुलिस को दिलीप विश्वास के पास से कोई डिग्री या प्रमाण पत्र नहीं मिला। पुलिस ने क्लीनिक से एलोपेथिक दवाईयां, इंजेक्शन और अन्य साधन-सामग्री समेत रु 5298 का सामान जब्त कर लिया। फर्जी डॉक्टर ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले 5 महीने से मां क्लीनिक नाम से बतौर डॉक्टर प्रेक्टिश कर रहा था। पुलिस ने फर्जी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरूकी है।

## पिता की फटकार से गुस्साए बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता की हत्या कर दी

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

जामनगर,शहर के सरदारनगर क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता को मौत के घाट उतार दिया। पिता की गलती यह थी कि उसने चोरी के मामले को लेकर बेटे को फटकार लगाई थी। जिसे लेकर बेटे ने पिता का गला घोंट दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को अहमदाबाद के बावला से गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई तेज की है। जानकारी के मुताबिक जामनगर शहर के सरदारनगर क्षेत्र में रहनेवाले पश्चिम बंगाल के मूल निवासी शंकरदास बावाजी का बेटा सुनील चोरी के मामले में पहले पकड़ा जा चुका है। हाल में हुई एक चोरी के मामले में सुनील संलिप्त होने की आशंका पर शंकरदास ने उसे फटकार लगाई थी। पिता की फटकार सुनील को ऐसी चुभ गई कि उसने पिता की हत्या करने का फैसला कर लिया। सुनील ने पत्नी सुनयना के साथ मिलकर पहले घर में पिता शंकरदास के हाथ पैर बांध दिए उसके बाद मुंह दबाया और गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। पिता को मौत के घाट उतारने के बाद सुनील पत्नी सुनयना के साथ फरार हो गया।